भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5314

गुरुवार, 25 जुलाई, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक)

ड्राइवरों की कमी

5314. श्री एम॰ सेल्वराजः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है कि देशभर में लगभग 22 लाख ड्राइवरों की कमी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) एवं (ख) ट्रक ड्राइवरों की कमी एक मुद्दा है जिसे विभिन्न ट्रांसपोर्ट संगठनों द्वारा उजागर किया गया है। मंत्रालय ने चालकों की कमी के ठीक-ठीक आंकड़ों का मूल्यांकन करने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया है।

(ग) मंत्रालय ने ट्रक और बस ड्राइवरों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता को समाप्त करने का प्रस्ताव किया है। केंद्रीय मोटर यान नियम, 1989 में नियम 8 (न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता) को हटाने के संबंध में दिनांक 18.06.2019 के सा.का.नि. 431(अ) के तहत एक मसौदा अधिसूचना जारी की गयी है।

******